Awareness Seminar on Drug Abuse and Anti-Chitta Drive

On 23rd February, 2026 a seminar was organized in Government College Baldwara under the joint aegis of the College Rovers and Rangers Unit, Anti-Chitta Drug Awareness Cell, and Nasha Nivaran Committee Khudla. In this seminar, the Principal of the college, Dr. Lalit Guleria, and Mr. Sonu Suryavanshi, Counsellor of the ICTC Cell, Civil Hospital Sarkaghat, were present as the keynote speakers. While addressing all the students of the college and the members who had come from the Nasha Nivaran Committee Khudla through a PPT presentation, the Principal delivered a meaningful lecture explaining the nature of drug abuse, its harmful effects, and various preventive measures with relevant examples.

बलद्वाड़ा कालेज में युवाओं को नशे पर किया जागरूक

बलद्वाड़ा : कालेज में संगोष्ठी के दौरान शिक्षक व अन्य

बलद्वाड़ा। जिला मंडी के राजकीय महाविद्यालय बलद्वाडा में महाविद्यालय की रोवर्स एंड रेंजर्स इकाई तथा एंटी चिट्टा ड्रग अवेयरनेस सेल के संयुक्त तत्वावधान में नशा उन्मूलन विषय पर एक जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाना तथा समाज को नशामुक्त बनाने के लिए प्रेरित करना रहा।संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ललित गुलरिया तथा सिविल अस्पताल सरकाघाट के आईसीटीसी सेल के परामर्शदाता सोनू सूर्यवंशी उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. गुलरिया ने पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से छात्र-छात्राओं और नशा निवारण कमेटी खुडलां से आए सदस्यों को संबोधित करते हुए नशे के स्वरूप, उसके दुष्परिणाम और बचाव के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति ही नहीं; बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है।मुख्य अतिथि सोनू सूर्यवंशी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा समाज की जड़ों को खोखला कर रहा है, इसलिए युवाओं को जागरूक होकर इससे दूर रहना चाहिए और दूसरों को भी जागरूक करना चाहिए।इस अवसर पर रोवर्स एंड रेंजर्स इकाई की कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर कंचन, डॉ. प्यार चंद, एंटी चिट्टा ड्रग अवेयरनेस सेल के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर राजगीर सहित महाविद्यालय के शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।